सार-समाचार

फीस वृद्धि के खिलाफ कॉलेज में प्रदर्शन

झुंझुनूं, (निसं)। शुक्रवार को मोरारका महाविद्यालय झुंझुनूं में शेखावटी यूनिवर्सिटी के द्वारा स्नातक प्रथम एवं तृतीय व स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के फीस बढ़ोतरी के विरोध में छात्र संगठन एसएफआई ने कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्रसंघ महासचिव साहिल कुरैशी ने बताया कि नई शिक्षा नीति से पहले वार्षिक परीक्षाओं के दौरान एक साल की फीस केवल 1100 रुपए ली जाती थी। अब इस बार स्नातक प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर की फीस नियमित विद्यार्थी से 1300 रुपए मांगी जा रही है। अगर प्रेक्टिकल विषय है तो प्रत्येक विद्यार्थी से प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए 100 रुपए अलग से लिए जाएंगे। कॉलेज कमेटी अध्यक्ष अमित शेखावत ने बताया कि पहले बीएससी में कुल 13 पेपर लगते थे। जिनका विद्यार्थी से 1100 रुपए खर्च लिया जाता था। अब विद्यार्थी के एक सेमेस्टर में 6 पेपर लगते हैं फिर भी विवि प्रशासन द्वारा उनसे 1300 रुपए का खर्च वसूला जा रहा है। तहसील अध्यक्ष कपिल चोपडा ने बताया कि स्नातकोत्तर के नियमित विद्यार्थी के पहले एक साल के 1540 रुपए लगते थे। अब दोनों सेमेस्टर को मिलाकर विवि प्रशासन द्वारा 3720 रुपए वसूले जाएंगे। मोहित टंडन ने बताया कि इस वर्ष फीस में अनुचित वृद्धि की गई है जो कि विद्यार्थी विरोधी है। कॉलेज कमेटी महासचिव आकाश धनखड ने बताया कि शेखावाटी विवि ने एग्जाम फॉर्म फीस में बढोतरी कर विद्यार्थियों को नए साल में ठगना शुरू कर दिया है। उपाध्यक्ष निजात चौधरी ने बताया कि कुलपति ने फीस बढ़ोतरी के अपने मन माने फरमान जारी किए हैं। वो वापस लें। अन्यथा छात्र संगठन एसएफआई विद्यार्थियों को लामबद्ध कर उग्र आंदोलन की ओर अग्रसर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान शोयब खान, विवेक बेनीवाल, अंकित मील, पिंटू सैनी, रोहित गुर्जर, रवि सिहाग, आंनद, इरफान, इमरान, कय्यूम, सारीफ, जितेंद्र, अनिल, रोहित, अंकित, शैली, कविता, सुनिता, अंकिता, लक्की कुमावत, ऋतिका, सुमन, शिवानी, खुशबू, लीना व महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कोट गांव को अलग पंचायत बनाने की मांग

उदयपुरवाटी (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत नांगल के राजस्व कोट गांव के सर्व समाज के लोगों ने कोट गांव को अलग पंचायत बनाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया है। पूर्व सरपंच आशकरण गुर्जर ने कहा कि ग्राम पंचायत नांगल हमारे गांव से 15 किलोमीटर दूर है। ग्राम पंचायत नांगल व कोट राजस्व गांव है। कोट गांव पहाड़ी इलाके में ग्राम पंचायत से दूर है जिसके कारण से आने-जाने में परेशानी रहती है । पंचायत के पुनर्गठन को लेकर कोट भी अलग पंचायत बनाई जाए। ग्राम पंचायत नांगल व कोट की जनसंख्या दस हजार है और मतदाता 5 हजार है। अकेले कोट गांव में मतदाता दो हजार छ सौ है और जनसंख्या लगभग 5 हजार है। पंचायत बनाने को लेकर सरकार की गाइडलाइन के अनुसार शर्तें पूरी करता है। ज्ञापन देने वालों में सरपंच गोठी देवी,पूर्व सरपंच आसकरण गुर्जर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हंस वर्मा, अनिल कुमार, शीशपाल, रविंद्र कुमार, सुमेर सिंह गुर्जर, अंकित मीणा, जुगल, बाबूलाल, अशोक कुमार, भंवर लाल गुर्जर, कैलाशचंद, हरफूल, सचिन, श्रवण सिंह, जितेंद्र, राजेंद्र प्रसाद, रामावतार, छोटू, अशोक कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में खेलकूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह के तहत शुक्रवार को वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, दौड़ तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खेल प्रभारी डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के द्वितीय दिन बैडमिंटन में शिवानी विजेता तथा प्रियंका उप विजेता रही। वॉलीबॉल में सपना, कविता, ज्योति की गंगा टीम विजेता एवं पूजा, अंकिता, आशा, नीतू की सरस्वती टीम उपविजेता रही। कबड्डी में साक्षी, ज्योति, निशा की महादेवी वर्मा टीम उप विजेता तथा काजल, पूजा, प्रियंका, पूजा भालोठिया की सावित्री बाई फुले टीम विजेता रही। वहीं 100 मीटर दौड़ में कुंदनबाला प्रथम, नीतू कुलहरि द्वितीय एवं मोनिका तृतीय रही। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में नीतू कुलहरि प्रथम, वंशिका द्वितीय एवं कुंदनबाला तृतीय रही। इस दौरान सहायक खेल प्रभारी कल्पना, सुनिता टेलर तथा निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. रघुराज सिंगोदिया, डॉ. नाथूलाल, डॉ. अभिलाषा आबूसरिया, किशोर कुमार, रोहिताश कुमार, सुनिता, डॉ. पूनमचंद चावला इत्यादि उपस्थित रहे।

खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन आज

झुंझुनूं, (निसं)। आरआर मोरारका कॉलेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को रौचक मुकाबले हुए। समापन कार्यक्रम शनिवार को होगा। खेल प्रभारी डॉ. धर्मवीर जानूं ने बताया कि मोरारका कॉलेज झुंझुनूं में दो से चार जनवरी के मध्य आयोजित अंतर सकाय खेलकूद प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन वॉलीबॉल और टेबल टेनिस के खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें वॉलीबॉल में कला संकाय विजेता रहा। टेबल टेनिस में महिला वर्ग में दीपिका शर्मा विजेता और प्रीति उप विजेता रहे। पुरुष वर्ग में लक्ष्य विजेता और रोहित उप विजेता रहे। चार जनवरी को शतरंज और कैरम की प्रतियोगिता होगी। इससे पहले गुरूवार को जिला खेल अधिकारी राजेश ओला एवं प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन महिला रस्सा कसी में कला वर्ग प्रथम और पुरुष में भी कला वर्ग प्रथम विजय रहे। कबड्डी में कला वर्ग महिला टीम ओर सामान्य पुरुष टीम विजय रहे।

छात्रा जया गुर्जर का विज्ञान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

बलवंतपुरा, (निसं)। डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा की होनहार छात्रा जया गुर्जर ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विज्ञान ओलंपियाड के पहले चरण में 97 प्रतिशत स्कोर हासिल कर दूसरे चरण के लिए अपनी जगह पक्की की है। जया गुर्जर की इस शानदार उपलब्धि से उनके परिवार व स्कूल में खुशी का माहौल है। जया गुर्जर की उपलब्धि विज्ञान अध्यापक का मार्गदर्शन, उनकी कड़ी मेहनत व समर्पण को दर्शाती है। जया को इस सफलता के बाद विज्ञान ओलंपियाड के दूसरे चरण में अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा। जया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व स्कूल प्राचार्या को दिया। जिन्होंने उसे प्रेरित और मार्गदर्शित किया। इस उपलब्धि पर संस्था सचिव बीएल रणवां तथा स्कूल प्राचार्या इंदू सोनी ने जया को बधाई दी और भविष्य में और भी बड़ी सफलता की शुभकामानाएं दी। जया की इस सफलता ने उनके साथियों को भी प्रेरित किया है। जो उसके जैसे ही उच्च लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उत्साहित हैं।

कलेक्टर ने वी.सी. ली

झुंझुनूं, (निसं)। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने जिले में खुले बोरवेल्स पर नाराजगी जाहिर करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुक्रवार शाम को बैठक कर जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने बोरवेल्स की 100 फीसदी कवरेज के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारीगण समस्त जिले में सर्वे करवाकर रिपोर्ट तुरंत प्रभाव से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सूख चुके पुराने कुए यदि पट्टी से ढके हो, तो पट्टी की भी स्थिति जांच करें कि वह टूटने की स्थिति में तो नहीं है। उन्होंने निजी कुओं का भी सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला कलेक्टर मीणा ने जलदाय विभाग के अभियंताओं व विकास अधिकारियों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए सभी उपखंड अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

शिविर का 225 लोगों ने लाभ उठाया

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 225 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

आज विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

झुंझुनूं, (निसं)। शनिवार को 132 केवी जीएसएस झुंझुनूं पर आवश्यक रख रखाव होने के कारण विद्युत सप्लाई सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे बंद रहेगी। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 132 केवी जीएसएस झुंझुनूं से निकलने वाले 132 केवी जीएसएस मंड्रेला तथा सभी 33 केवी एवं 11 केवी फीडर की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

सावित्रीबाई फूले की जयंती मनाई, समाज की विशिष्ट महिलाओं का सम्मान किया

सावित्रीबाई फूले जयंती समारोह में माली समाज समाज की विशिष्ट महिलाओं का सम्मान किया।

झुंझुनूं, (निसं)। माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फूले सामुदायिक भवन अशोक नगर में सावित्रीबाई फूले की 194वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की संरक्षक सुधा पंवार ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. इंदू सैनी, खेतडी पालिकाध्यक्ष गीता सैनी, एक्सईएन ममता सैनी, सहायक आचार्य इन्द्रा सैनी, सहायक आचार्य डॉ. सुमन सैनी, प्रधानाचार्य वंदना गौड, उप प्रधानाचार्य आयना सैनी, व्याख्याता माया सैनी और संस्था की महामंत्री मंजू सैनी उपस्थित थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन और पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने स्वागत उद्बोधन दिया और कार्यक्रम की शुरुआत की। महिला शाखा जिलाध्यक्ष बबली सैनी, महामंत्री रतनलाल सैनी, करिश्मा सैनी, सीमा सैनी, रौनक सैनी, छात्रा नेत्री सुधा सैनी, प्रतिभा सैनी, कविता सैनी, चिड़ावा संयोजक देवकरण सैनी, प्रगति सैनी, माया सैनी, प्रो. हितेश सैनी, नरेश बगड, दिलीप सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी, सिंघाना संयोजक डीपी सैनी, चिड़ावा सह संयोजक अतुल कुमार सैनी, भामाशाह सुरेंद्र सैनी, समाजसेवी रामस्वरूप सैनी, संस्था के उपाध्यक्ष लीलाधर बिश्नोलिया, बद्रीप्रसाद तंवर, ओमप्रकाश सैनी एवं इन्द्राज सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया और पीआरओ हिमांशु सिंह ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने फूले दंपत्ति को भारत रत्न देने की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि 19वीं सदी में सावित्रीबाई फूले ने दलित, शोषित और पिछड़े वर्ग के लिए जो कार्य किए, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। उनका योगदान आज भी समाज के लिए एक मार्गदर्शक बना हुआ है, और हमें फूले दंपत्ति के पदचिह्नों पर चलकर सामाजिक विकास की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। मंच का संचालन माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष और शिक्षाविद महेंद्र शास्त्री ने किया। इस कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष बबली सैनी ने आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यक्रम सावित्रीबाई फूले के योगदान को सलाम करने, समाज में महिलाओं के अधिकारों को प्रोत्साहित करने और समाजसेवा में महिलाओं की भूमिका को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा, शिक्षा, पत्रकारिता, खेल, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इनमें समाजसेवा के क्षेत्र में आशा सैनी उदयपुरवाटी, चिराना की पूर्व सरपंच प्रियंका सैनी, राइफल शूटिंग में भारतीय टीम के लिए चयनित निराधनू गांव की माया सैनी, पिलानी में पार्षद सरोज सैनी, शिक्षा के क्षेत्र में निराधनूं की माया सैनी, पत्रकारिता के क्षेत्र में नवलगढ़ की अनिता सैनी, चिकित्सा के क्षेत्र में सिंघाना की डॉ. आकांक्षा गौड़, नर्सिंग आफिसर अनिता सैनी, 10वीं बोर्ड में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले को टॉप करने वाली चंचल सैनी, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कोमल सैनी सूरजगढ, सावित्री सैनी लांबा गोठड़ा, रौनक सैनी पिलानी, सीमा सैनी झुंझुनूं, रीना सैनी उदयपुरवाटी, ऑनलाइन गायन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डॉ. राजेश सैनी मेघसागर, मोनिका सैनी पकौडी ढाणी, महेश सैनी सूरजगढ, बबली सैनी रतनशहर का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच नत्थूसिंह सैनी खुडाना, माखर के पूर्व सरपंच कन्हैयालाल सैनी, माली सैनी समाज संस्था के संरक्षक प्रभातीलाल सैनी, राधेश्याम सैनी नवलगढ़, द्वारिकाप्रसाद सैनी टोडपुरा, शिशुपाल सैनी इस्लामपुर, विक्रम सैनी रतनशहर, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लीलाधर सैनी, पार्षद बेणीप्रसाद सैनी खेतड़ी, पार्षद भगवतीप्रसाद सैनी पिलानी, पार्षद विष्णु सैनी, पार्षद राहुल सैनी खेतड़ी, सैनी समाज कल्याण संस्थान झुंझुनूं के संरक्षक घड़सीराम सैनी, श्यामलाल सैनी चिड़ावा, विधि सलाहकार मोतीलाल सैनी, व्याख्याता मुकेश सैनी, पूर्व पार्षद सुरेश सैनी, पूर्व पार्षद सुशील सैनी, उप सरपंच बारसीलाल सैनी, पूर्व उपसरपंच हरिसिंह सैनी, शिवराम सैनी कायस्थपुरा, कृष्ण माखरिया, संजय सैनी निराधनूं, हरफूलसिंह सैनी खंडेला, श्रवण सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लालचंद सैनी, विकास सैनी, पूर्व प्रधानाचार्य बिहारीलाल सैनी, मास्टर प्रभातीलाल सैनी, सूबेदार सुभाषचंद्र खुडाना, बजरंगलाल सैनी, दुर्गाप्रसाद सैनी, सुशील सैनी, जयसिंह सैनी अशोक नगर, मास्टर प्रदीप सैनी, एडवोकेट होशियार सिंह सैनी, संदीप मावंडिया चिड़ावा, दीनदयाल सैनी झुंझुनूं, कांशीराम सैनी चिड़ावा उपस्थित थे।

श्रीमद्भागवत सप्ताह का शुभारंभ

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना कस्बे के इंदिरा कॉलोनी में स्थित श्री जागृत बालाजी रूद्र मंदिर समिति की ओर से शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में संगीत में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले महिलाओं की ओर से कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई। कथा वाचन में व्यास पीठ के आचार्य पुष्पेंद्र चित्रकूट के सानिध्य में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इसके बाद मंदिर परिसर में हवन में आहुति देकर मंत्र उच्चारण किए गए। आचार्य पुष्पेन्द्र चित्रकूट ने कहा किप्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मन को शुद्ध करना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा करने से पुण्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गाय का दान करना भी मनुष्य जीवन में अति महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं सहकारी होना चाहिए, ताकि ईश्वर अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाकर रख सकें। हिंदू धर्म में देवी-दवताओं पूजन मात्र से ही दया दृष्टि को हासिल किया जा सकता है। महिलाओं की ओर से निकाली गईकलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर के कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके बाद महिलाओं की ओर से सत्संग कर प्रसाद वितरण किया गया।

शिविर में 1061 ब्लड यूनिट रक्त संग्रहित

नवलगढ़, (निसं)। कस्बे के सैनी समाज संस्था एवं सर्वसमाज के संयुक्त तत्वावधान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई की फूले की 194वीं जयंती मनाई गई। नवलगढ विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। नगरपालिका के चेयरमैन व सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी फूलवाला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सावित्री बाई फूले की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं जयंती के अवसर पर सैनी छात्रावास में सर्व समाज के बैनर तले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सैनी समाज संस्था के महामंत्री डॉ. विनोद कुमार सैनी ने बताया कि शिविर में 1061 यूनिट ब्लड का संग्रहण हुआ। सैनी समाज संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर रक्तदाताओं को सम्मान किया। वहीं शिविर के दौरान नवलगढ़, सीकर, जयपुर की ब्लड बैंकों की ओर से रक्त संग्रहण कार्य किया। शिविर के दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल, चेयरमैन सुरेंद्र सैनी फूलवाला सहित जनप्रतिनिधियों ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया।

सड़क सुरक्षा माह के तहत कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के दौरान एक नवाचार हुआ। जिसके तहत जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा जिला मुख्यालय पर पास पड़ौस के बेसहारा गौवंश तथा कुत्तों को रेडियम युक्त बेल्ट बांधे गए। शुक्रवार को गुढ़ा रोड रेलवे फाटक के पास एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत व डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने बेसहारा गौवंश, कुत्तों और अन्य जानवरों को रेडियम युक्त बेल्ट बांधे। इस मौके पर एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि एक जनवरी से राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।

■ बेसहारा गौवंश और कुत्तों को बेल्ट बांधे गए

झुंझुनूं में हर दिन जागरूकता के कार्यक्रम हो रहे है। वहीं नवाचार भी हो रहे है। रेडियम युक्त बेल्टों से हादसों में कमी आएगी और हम काफी जिंदगियों को बचा सकेंगे। डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने बताया कि झुंझुनूं जिले में जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से दो हजार पांच काउ बेल्ट तथा पांच डॉग बेल्ट मंगवाए गए है। जो सभी बेसहारा गौवंश व कुत्तों को लगाए जाएंगे। डीटीओ ने बताया कि आंकडों के अनुसार पूरे भारत में एक साल में एक लाख 70 हजार लोगों की मौत सडक हादसों से होती है। राजस्थान में यह संख्या 10 हजार है। तो वहीं झुंझुनूं में यह संख्या 300 है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि झुंझुनूं हर दिन औसतन एक व्यक्ति सडक हादसों में जान गंवा रहा है। इन आंकडों में कमी लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। वहीं रेडियम बेल्ट इसमें काफी कारगर होंगे।

इस मौके पर यातायात प्रभारी हरफूल मीणा, नगर परिषद की टीम, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के सीईओ प्रदीप ईशरवाल, स्पार्क हॉस्पिटल के संचालक रामनिवास लांबा, डॉ. सुनिता लांबा, लॉयंस क्लब सचिव रामगोपाल गुप्ता, जिला पर्यावरण सुधार समिति की अध्यक्ष एडवोकेट अंजू शर्मा, सचिव अभिषेक मुरारका, संस्था की कार्यकर्ता भंवरीदेवी, बबिताकुमारी, पूनम जांगिड़, साक्षी शर्मा, अनूप सैनी, मदनलाल सोनी, जितेंद्र सोनी आदि मौजूद थे। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत 11 जनवरी को अग्रसेन सर्किल समेत अन्य जगहों पर चाइनीज मांझे से होने वाले हादसों को रोकने के लिए गले की सुरक्षा के लिए नेक बेल्ट लगाए जाएंगे।

बालाजी मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव मनाया

सीकर, (निसं)। यहां सांवली रोड पर स्थित बडा तालाब के पास दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में शुक्रवार को पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया श्याम भक्त रामगोपाल गोपी ने श्याम प्रभु के भजन श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से, सांवरे की महफिल को सांवरा सजाता है, की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया मंदिर के पुजारी जगदीश प्रसाद शुक्ला ने श्याम भक्त रामगोपाल गोपी को दुपट्टा ओढाकर उनका सम्मान किया।

भजन गायक सुगन पवार ने भी शानदार भजनों की प्रस्तुति दी भजन गायिका मंजू देवी व रेणु शर्मा ने भी एक से बढ़कर एक भजन गाये इस अवसर पर सावित्री दीक्षित, ज्योति तनवानी, संध्या अवस्थी, राज शर्मा, इंदिरा, शीला, सोनू, राजेश्वरी, किरण पारीक, अलका, हेमा, कुसुम, पार्वती, सुनीता पांडे, तारा शर्मा, संजू, मोनिका शर्मा, संतोष, सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे बाद में मंदिर में आए हुए भक्तों को दोना प्रसादी वितरित की गई।

दो जनों पर जमीन हड़पने का आरोप

सूरजगढ़, (निसं)। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल समेत दो जनों के खिलाफ थाने में एक व्यक्ति ने जमीन के नाम पर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दी है। वार्ड नंबर 10 खटीकों का मोहल्ला निवासी गुलजारीलाल चावला ने थाने में रिपोर्ट दी है कि रामसिंह चेतीवाल तथा भुडनपुरा निवासी एडवोकेट हवासिंह मेघवाल 2022 में उसके पास आए। दोनों ने उसकी बुहाना रोड रेलवे फाटक के पास जमीन के सौदे को लेकर बातचीत की और कहा कि जमीन के बदले में वे 72 लाख रूपए देंगे। पीडित गुलजारीलाल चावला ने हामी भर ली।

इसके बाद दोनों पक्षों के बीच 09 मई 2022 को विक्रय इकरारनामा किया गया। विक्रय इकरारनामा की लिखावट के वक्त रामसिंह व हवासिंह ने गुलजारीलाल को 20 लाख रूपए दे दिए। शेष 52 लाख रूपए देने के लिए पांच महीने का समय मांगा। पांच महीने बाद जब गुलजारीलाल चावला ने अपने शेष रूपयों का तकादा किया। तो आरोपी हवासिंह ने एक और शपथ पत्र लिखकर दिया। जिसमें कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रामसिंह ने गवाह के तौर पर हस्ताक्षर किए और शेष पैसों के लिए तीन महीने का समय मांगा। तीन महीने बाद भी आरोपियों ने गुलजारीलाल को पैसे नहीं दिए। बहाने बनाते रहे। एक-दो दिन टरकाते रहे। थक हारकर गुलजारीलाल चावला के बेटे कृष्ण कुमार चावला ने पिछले माह 21 दिसंबर 2024 को जब दोनों से तकादा किया तो दोनों ने पैसे देने से मना कर दिया। साथ ही कहा कि वे ना तो पैसे देंगे और उसकी जमीन को उन्होंने प्लॉट काटकर अलग-अलग व्यक्तियों को बेच दिया है। इस मामले में अब गुलजारीलाल चावला ने थाने में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल तथा भुडनपुरा निवासी एडवोकेट हवासिंह मेघवाल के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

सुखदेव सिंह, एसएचओ, सूरजगढ़ ने बताया कि गुलजारीलाल चावला द्वारा रामसिंह चेतीवाल तथा हवासिंह मेघवाल के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी गई है। मामले की जांच कर रहे है। जांच के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

टीबी रोगियों को पोषाहार किट बांटे

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी नगर के केसीसी अस्पताल में केसीसी प्रोजेक्ट व राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में एस शिवदर्शी, डा. दिपिका खुराना थी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केसीसी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुजिता ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान सात दिसंबर 2024 को प्रारंभ हुआ था जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य देश से 2025 तक क्षय रोग (टीबी) का उन्मूलन करना है।एक समय था जब देश में कोई भी गंभीर बिमारी का प्रकोप होता तो दूसरे देशों की मदद लेकर बिमारियों से निजात पाई जाती थी, लेकिन समय अधिक लग जाने से बिमारियों का प्रभाव काफी फैल जाता था। वर्तमान समय में तकनीकी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने आगे बढ़ते हुए बिमारियों को जल्द रोकने का काम किया है।

शांतिभंग के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने शुक्रवार को कस्बा राजगढ में अलग-अलग स्थानों से चार आरोपियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर शुक्रवार को एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। शाम चार बजे दी जानकारी में थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया ने बताया कि चोरी फिराक में गलियों में आवारा घूम रहे एक व्यक्ति को मौहल्ले के लोगों द्वारा पकडने पर लडाई झगडा करने पर उतारू होने पर आरोपी तेजपाल पुत्र मोहर सिंह वाल्मीकि (20) निवासी झांझल पीएस भादरा जिला हनुमानगढ को शांति भंग के गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार कृषि उपज मंडी के गेट के सामने खडे किये ट्रक को गेट के आगे से हटाने की बात को लेकर ट्रक चालक द्वारा आवेश में आकर यातायात जाब्ता के साथ लडाई झगडा करने पर उतारू होने तथा डयूटी ऑफिसर को भला बुरा बोलने पर ट्रक चालक भंवरा राम पुत्र ज्ञानाराम जाट उम्र 27 साल निवासी गिडा तहसील गिडा पीएस गिडा जिला बालोतरा को ट्रक सहित शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार लोको कॉलोनी में बिना किसी कारण के रात्रि 1.30 बजे बोलेरो जीप के कॉलोनी के गोलू गढवाल के घर के पास घूमना व जिसकी जान को खतरा है जो राजेन्द्र गढवाल मर्डर प्रकरण में चश्मदीद गवाह है।

शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आगाज

विधायक राजेंद्र भांबू व कलेक्टर रामावतार मीणा ने शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ किया।

झुंझुनूं, (निसं)। आबूसर में ग्रामीण हाट बाजार में शुक्रवार से 10 दिवसीय शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आगाज किया गया। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा तथा भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां ने फीता काटकर और श्रीगणेश भगवान की पूजा अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ किया। उद्योग केंद्र के महाप्रबंधन अभिषेक चोबदार तथा महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक संजय कुमार ने अतिथियों को मेले का भ्रमण करवाया। हर स्टॉल पर पहुंचकर अतिथियों ने मेले की जानकारी ली। इसके बाद हुए उद्घाटन कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

वहीं बेटी बचाओ बेटी पढाओ के संदेश देने वाले वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस बार शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले के साथ ही अमृता हाट का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते मेला स्थल पर 250 से अधिक स्टॉलें लगाई गई है। इनमें ना केवल स्थानीय हस्तशिल्पियों द्वारा बनाए गए उत्पाद, बल्कि पूरे देश के कोने-कोने से आए कारीगरों ने अपनी अपनी स्टॉलें लगाई है।

वहीं झूले भी आकर्षण का केंद्र है। इस मौके पर विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि इस तरह के मेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सपनों को पूरा कर रहे है। जिनमें उन्होंने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि पिछली बार मेले में छह करोड़ से अधिक की बिक्री हुई थी।

इस बार इस रिकॉर्ड को तोड़ा जाएगा। मेले में आने वाले लोगों के लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। आपको बता दें कि 12 जनवरी तक चलने वाले मेले में ना केवल स्टॉलें, झूले है। बल्कि दोपहर में परंपरागत खेलों की प्रतियोगिता और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम में अतिरिक्त निजी सचिव हनुमान प्रसाद जोशी, लेखाधिकारी दिनेश कुमार सोनी, महिला अधिकारिता विभाग के मनोज कुमार, एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत, आईसीडीएस के विजेंद्र सिंह राठौड, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, डीएसओ कपिल झाझडिया, श्री सीमेंट फाउंडेशन के एचसी गुप्ता, सरजीत चौधरी, महेंद्र सिंह चंदवा, महेंद्र कुमार, रामेश्वर सिंह, धर्मपाल जानूं मौजूद रहे। संचालन एडीईओ उम्मेदसिंह महला व मूलचंद झाझडिया ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालन में राजबाला ढाका व संगीता मिठारवाल ने योगदान दिया।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमती रितेश पत्नी श्री पवन कुमार निवासी वार्ड नं. 08 डबली कलां ने आवेदन कर अपने आवासीय भूखंड साईज 236.29 वर्गगज का नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा पालिका आदेश क्रमांक 2008 दिनांक 06.10.2023 के द्वारा श्री मोमनराम पुत्र श्री बद्रीप्रसाद जाति ब्राह्मण के नाम से 263.29 वर्गगज द्वारा जारीशुदा है। मूल आवंटी द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 26.12.2024 के द्वारा प्रार्थी को साईज 263.29 वर्गगज का बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामांतरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरस्वती पत्नी श्री जगराम जाति जाट निवासी धन्नासर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखंड साईज 1000 दरगज का नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती हैं। मूल पट्ठा ग्राम पंचायत रावतसर द्वारा श्री तिलोका पुत्र श्री फुसा कुम्हार साकिन रावतसर के नाम से साईज 1000 दरगज का दिनांक 19.11.1956 द्वारा जारीशुदा है। श्री तिलोका ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.09.1982 द्वारा श्रीमती सरस्वती पत्नी श्री जगराम को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरस्वती पत्नी श्री जगराम जाति जाट निवासी धन्नासर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखंड साईज 1000 दरगज का नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती हैं। मूल पट्ठा ग्राम पंचायत रावतसर द्वारा रामी जोजा तिलोका कुम्हार निवासी रावतसर के नाम से साईज 1000 दरगज का दिनांक 19.11.1956 द्वारा जारीशुदा है। रामी जोजा तिलोका कुम्हार ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.02.1982 द्वारा श्रीमती सरस्वती पत्नी श्री जगराम को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-........

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री नत्थूराम जाति ब्राह्मण साकिन वार्ड नं. 21 हाल रावतसर ने आवेदन कर अपने खरीदशुदा भूखंड का नामांतरण अपने नाम से चाहा है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा पालिका द्वारा स्टेट ग्रांट एक्ट के तहत आदेश क्रमांक 194 दिनांक 24.12.2012 के द्वारा साईज 300 वर्ग मीटर श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश-ओमप्रकाश पुत्र श्री कन्हैयालाल जाति कर्वा के नाम से जारीशुदा है। एवं उक्त भूखंड की खांचा भूमि पालिका आदेश 11.03.2013 के द्वारा श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री कन्हैयालाल जाति कर्वा के नाम से साईज 148.28 वर्गगज यानि 124.02 वर्गमीटर का पट्टा जारीशुदा है। इसके बाद उक्त दोनों भूखंडों का नामांतरण पालिका आदेश क्रमांक 2250 दिनांक 20.08.2020 के द्वारा श्री नीरज कर्वा पुत्र श्री ओमप्रकाश कर्वा के नाम से साईज 300 वर्गमीटर का जारीशुदा है। एवं खांचा भूमि का नामांतरण पालिका आदेश क्रमांक 2278-79 दिनांक 20.08.2020 के द्वारा श्री नीरज कर्वा पुत्र श्री ओमप्रकाश कर्वा के नाम साईज 148.28 वर्गगज यानि 124.02 वर्गमीटर का जारीशुदा है। उक्त नामांतरणशुदा भूखंड को नीरज कर्वा द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.07.2022 के द्वारा आवासीय भूखंड 300 वर्गमीटर में से 35.16 वर्गमीटर व दूसरा आवासीय भूखंड 124.02 वर्गमीटर में से 15.54 वर्गमीटर का प्रार्थी को बैचान कर दिया। प्रार्थी द्वारा कुल क्रयशुदा भूखंड 50.79 वर्गमीटर का नामांतरण करवाना चाहा है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर